# 36 देशों से 274 भगोड़े लाए गए

## 401 रेड कॉर्नर नोटिस पर पिछले तीन वर्षों में कार्रवाई की गई : शाह

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 7 सितंबर. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, पूर्वोत्तर के उग्रवाद, भगोड़े अपराधियों और नशीले पदार्थों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है.**

पांच दशक पुरानी नक्सलवाद की समस्या अब अतीत की बात है. पूर्वोत्तर में भी 10,000 से अधिक युवाओं ने केंद्र ने क्षेत्र में शांति के लिए 14 से अधिक समझौते किए हैं. भगौ? अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शाह ने कहा कि



2019 से 2026 के बीच 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को भारत वापस लाया गया. पिछले तीन वर्षों में 401 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए, जबकि 2026 में अब तक 182 नोटिस जारी हुए हैं. भारत पोल के जरिए 1,400 से अधिक एजेंसियों इंटरपोल से जोड़ा गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूचनाओं के आदान-प्रदान में लगने वाला समय घटकर तीन से 10 दिन रह गया है. शाह ने कहा कि 2019 से 2026 के बीच भगोड़े अपराधियों से जुड़े 17,874 करोड़ की संपत्तियां जब्त की गई, जबकि इसी अवधि में 18,762 करोड़ रुपये की सफल वापसी भी हुई.

### 2047 में नशामुक्त युवा करेंगे नेतृत्व

शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि नशामुक्त युवा शक्ति 2047 में विकसित भारत का नेतृत्व करे और केंद्र सरकार ने 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने के लिए प्रारूप तैयार किया है. सरकार देश को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता है, जिस तरह आतंकवाद से निपटने के लिए प्रयास किए हैं.

### साइबर अपराध पर भी शिकंजा

साइबर अपराध से निपटने के लिए 1930 हेल्पलाइन और अन्य व्यवस्थाओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर साइबर अपराध के खिलाफ एक व्यवस्थित तंत्र तैयार किया है. उन्होंने गोवा पुलिस की भी सराहना की और कहा कि तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद राज्य की दोषसिद्धि दर 22 प्रतिशत से बढ़कर 53.2 प्रतिशत हो गई है.

### भगोड़ों की संपतियां 2019 से 2026 के बीच जब्त की गई

- 182 रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया जुलाई 2026 तक पूरी
- 1,400 से अधिक एजेंसियां भारतपोल से जुड़ी है

**18,762 करोड़ रुपये की राशि 2019 से 2026 के बीच वापस हासिल की गई**

- 3-10 दिन में इंटरपोल के साथ सूचना साझा करने का समय घटा
- पूर्वोत्तर में सुरक्षा और शांति 10,000 से अधिक युवा पूर्वोत्तर में
- हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे 14 से अधिक समझौते केंद्र ने पूर्वोत्तर के सशस्त्र समूहों के साथ किए.

# संघ के काम का आधार नफरत नहीं

## हिंदू केवल पूजा नहीं करता बल्कि, प्रकृति से भी प्रेम करता है : भागवत

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**लंदन, 7 सितम्बर. ( एजेंसी ). सुप्रीमो मोहन भागवत ब्रिटेन दौरे पर है. लंदन में वे एकता का जश्न कार्यक्रम में शामिल हुए. इस कार्यक्रम में उन्होंने हिंदुत्व, हिंदू राष्ट्र, सेवा और समाज के भविष्य पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि संघ के काम का आधार नफरत नहीं है. इसके उलट इसका आधार शुद्ध सात्त्विक प्रेम है. समाज में लोगों को जोड़ना और सभी के प्रति अपनापन रखना संघ की सोच का हिस्सा है.**

भागवत ने कहा कि अपनापन संघ को समझने की अहम कुंजी है. हिंदू की सोच में परिवार, समाज, मानवता और प्रकृति सभी एक-दूसरे से जुड़े हैं. हिंदू केवल पूजा करने वाला व्यक्ति नहीं है. वह प्रकृति से भी प्रेम करता है.



इंसान को प्रकृति पर विजय पाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए. इंसान खुद प्रकृति का हिस्सा है. भागवत ने कहा कि विकास केवल व्यक्ति का नहीं होना चाहिए. व्यक्ति, समाज, मानवता और प्रकृति सभी की एक साथ प्रगति जरूरी है. अगर केवल व्यक्ति को महत्व दिया गया तो समाज कमजोर होगा. अगर केवल समाज को महत्व दिया गया तो व्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म हो सकती है. इसलिए दोनों के बीच संतुलन बना रहे ये बहुत जरूरी है.

हिंदू विचार में दुनिया को एक इकाई के रूप में देखने की बात है. इसी वजह से अलग विचारों और विविधताओं को स्वीकार करने की भावना पैदा होती है. विविधता स्वाभाविक है. लेकिन उसके पीछे एकता को देखना जरूरी है. उनका संदेश था कि जो बात लोगों को जोड़ती है, उस पर ज्यादा जोर होना चाहिए. हिंदू राष्ट्र और हिंदुत्व पर पूछे गए सवाल के जवाब में भागवत ने कहा कि हिंदू को केवल धार्मिक पहचान के आधार पर नहीं समझा जा सकता. उन्होंने इसे एक प्रकृति और सोच बताया. उनका कहना है कि भारत में नास्तिक से लेकर आस्तिक और अलग-अलग विचार रखने वाले लोग रहे हैं. हिंदू सोच का दावा है कि अलग-अलग रास्तों को स्वीकार किया जा सकता है.

# टीएमसी सांसद नदीमुल हक पर ईडी ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली, 7 सितंबर. तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और उर्दू पत्रकार नदीमुल हक से जुड़े ठिकानों पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की. केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमें दिल्ली, कोलकाता और रांची में करीब सात ठिकानों पर तलाशी ले रही हैं.**

कार्रवाई कथित मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामले में की जा रही है. जांच उर्दू दैनिक 'अखबार-ए-मशरिक' से जुड़े मामले को लेकर की जा रही है. नदीमुल हक इस अखबार के निदेशक हैं. एजेंसी के अनुसार, मामले में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली कथित सामग्री के प्रकाशन और संदिग्ध स्रोतों से धन के लेनदेन समेत कई आरोपों की जांच की जा रही है. यह कार्रवाई बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट में दर्ज शिकायत के आधार पर शुरू हुई है.



- **मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात जगह पर तलाशी**

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, 12 की मौत

**बागपत.** ईस्टर्न पेरीफेरल (ईपीई) पर रविवार देर रात हुए हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है. पहले चार लोगों की मौत हुई थी. सोमवार दोपहर तक 8 और घायलों ने दम तोड़ दिया. करीब पौने दो बजे कैंटर की टक्कर से बागड़ धाम से लौट रही श्रद्धालुओं से भरा पिकअप वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया. हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी और 20 श्रद्धालु घायल हो गए थे. सभी श्रद्धालु बदायूं के रहने वाले हैं. हादसे के बाद अफरा तफरी मच गई. घायलों को सीएचसी व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.

# अमेजन के बिना लाइसेंस गोदामों पर छापा

- **कर्नाटक में अमेजन पर कार्रवाई**
- **बिना लाइसेंस गोदामों से 4 लाख दवाएं बरामद**

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**बेंगलुरु, 7 सितम्बर। कर्नाटक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के दो बिना लाइसेंस वाले स्टोरेज गोदामों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ?4,02,352 मूल्य की दवाएं जब्त की हैं.**

विभाग के अनुसार, यह कार्रवाई नियमों के गंभीर उल्लंघन और बिना वैध ड्रग लाइसेंस के दवाओं के अवैध




भंडारण एवं वितरण से जुड़ी सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर की गई. इस सिलसिले में पहली छापेमारी अनेकल तालुक के थट्टानहल्ली स्थित मेसर्स अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में की गई. राज्य खुफिया शाखा के सहायक औषधि नियंत्रक मनोहर के नेतृत्व में अधिकारियों ने यहां से 2,45,352 मूल्य की दवाएं जब्त कीं. दूसरी कार्रवाई देवनहल्ली के एयरोस्पेस स्थित अमेजन केंद्र पर की गई, जहां बैंगलोर ग्रामीण की औषधि निरीक्षक विभा के नेतृत्व में टीम ने बिना लाइसेंस वाले परिसर से 1,57,000 की दवाएं बरामद कीं.

# दिवालिया' हो चुका है बंगाल उबरने में लगेगा वक्त : शुभेंदु

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**कोलकाता, 7 सितम्बर. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आर्थिक हालत एकदम ठीक नहीं है.**

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के भ्रष्टाचार की वजह से राज्य की हालत दिवालिया जैसी हो गई है. इसे ठीक करने में कम से कम एक महीने का समय लगेगा. मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय नबान्न में वृद्धावस्था पेंशन की बढ़ी हुई 1,500 रुपये की राशि लाभार्थियों को वितरित कर रहे थे. अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार खाने-पीने की चीजों और मिठाइयों में मिलावट और 'नॉन-फूड-ग्रेड' रंग के इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. कारोबार पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए. मुख्यमंत्री ने अफसोस जताते हुए कहा कि कुछ अधिकारी गलत तौर-तरीकों को होने देने में शामिल रहे होंगे,



- **खाने-पीने के सामन पर अधिकारी की नजर**

# महिलाओं का अपमान किया तो नहीं बख्शेंगे

## तृषा विवाद पर विजय का पलटवार

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**चेन्नई, 7 सितम्बर. थलपति विजय अपनी दोस्त तृषा को लेकर की गई 'डबल मीनिंग' बातें अब तक भूले नहीं हैं. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने विधानसभा में इसे लेकर बड़ा बयान दिया है.**

विजय ने चेतावनी देते हुए कहा है कि महिलाओं का अपमान करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने स्टालिन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि अभिव्यक्ति के आजादी के नाम पर महिलाओं के लिए अपमानजक बातें बर्दाश्त नहीं की जाएंगीं.

विधानसभा में बिना किसी का नाम लिए सीएम विजय ने कहा, 'किसी भी व्यक्ति को इस तरह की बात कहने से पहले अपने परिवार की महिलाओं के बारे में सोचना चाहिए. मेरी राजनीतिक जीत में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही है. मैं महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की अपमानजनक भाषा बर्दाश्त नहीं करूंगा. राजनीति में तीखी आलोचना हो सकती है, लेकिन महिलाओं के खिलाफ बदनाम करने वाली या अपमानजनक टिप्पणी नहीं होनी चाहिए.' जयललिता का भी जिक्र विजय ने राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का भी जिक्र किया. विजय ने कहा कि इस विधानसभा में उन्होंने कई अपमान सहे हैं. उन्होंने कहा कि राजनीतिक टिप्पणी करना अभिव्यक्ति की आजादी है, लेकिन सीमा पार करना पूरी तरह गलत है. तमिलनाडु में विपक्ष के नेता और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने बीते अगस्त महीने में विजय और तृषा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी.



## गुवाहाटी में खौफनाक वारदात

# फ्रिज में मिला रिया का सिर

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**गुवाहाटी, 7 सितम्बर. असम के गुवाहाटी में बेहद खौफनाक हत्याकांड सामने आया है. इस हत्याकांड ने 202 के श्रद्धा वाकर हत्याकांड की बुरी यादें ताजा कर दी हैं. बेलटोला इलाके में एक घर से महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किा गया है.**

महिला का कटा हुआ सिर फ्रिज के अंदर रखा गयाथा. जबकि धड़ टुकड़े-टुकड़े में कई जगहों पर फेंक दिया गया था. पूरे कमरे में खून के धब्बे थे. मृतक महिला की पहचान रिया



तालुकदार के रूप में की गई है. रिया के पति कैब चलाते हैं.

जब घर से बदबू आने लगी तो आसपास के लोगों ने पुलिस को फोन किया. जब पुलिस दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुई तो रूह कांप गई. पूरी फर्श पर खून फैला था. पास ही क्षत-विक्षत धड़ पड़ा हुआ था. फ्रिज खोली गई तो उसमें एक पॉलीथीन में लपेटा हुआ सिर रखा था.

# वादा नहीं निभा सकते तो शौर्य चक्र वापस ले लो

- **मणिपुर में शहीद को अब तक नहीं मिली वादा की गई जमीन**
- **22 साल से फाइलों में शहीद का परिवार**

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 7 सितम्बर. देश की सुरक्षा के लिए बेटे की शहादत के बाद जिस परिवार को सरकार की ओर से सम्मान और मदद का भरोसा दिया गया था, वही परिवार दो दशक से अधिक समय बाद भी अपने अधिकारों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है.**

लखनऊ की 80 वर्षीय सावित्री सक्सेना ने अब अपने



शहीद बेटे को मिले सम्मान वापस करने की पेशकश की है. उनका कहना है कि अगर शहादत के 22 साल बाद भी परिवार को अपने हक के लिए अपमान और परेशानी झेलनी पड़े, तो ऐसे सम्मान का क्या अर्थ रह जाता है.

### सालों का समय बीतने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं

सावित्री सक्सेना के बेटे विवेक सक्सेना मणिपुर में आतंकवादियों से मुकाबले के दौरान 8 जनवरी 2003 को शहीद हुए थे. वह पूर्व सहायक कमांडेंट थे. उनकी वीरता और बलिदान के लिए उन्हें शौर्य चक्र के साथ राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था. विवेक की शहादत के बाद सरकार की ओर से परिवार के लिए जमीन आवंटित करने और उनकी याद में स्मारक पार्क विकसित करने का आश्वासन दिया गया था. लेकिन सालों का समय बीतने के बाद भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है. साल 2016 में तत्कालीन लखनऊ जिलाधिकारी राज शेखर ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे.

## एक नजर में

### 3 नवजातों की मौत ने खोली अस्पताल की सुरक्षा की पोल




**अमरावती, 7 सितम्बर.** 24 अगस्त की सुबह करीब 3:15 बजे अमरावती के जिला महिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित विशेष नवजात देखभाल कक्ष और नवजात गहन चिकित्सा कक्ष में अचानक आग भड़क उठी. कुछ ही देर में धुआं और आग उस हिस्से में फैलने लगी, जहां बेहद नाजुक हालत में नवजात बच्चों का इलाज चल रहा था. रात की खामोशी के बीच अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई. डॉक्टर, नर्स और बचावकर्मी बच्चों को एक-एक कर बाहर निकालने में जुट गए.

### राजस्थान निकाय चुनाव में 77 निर्विरोध

**जयपुर, 7 सितंबर.** राजस्थान के नगरीय निकाय चुनाव में मतदान से पहले ही 77 उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत मिली है. 77 निर्विरोध सीटों में से अकेले भाजपा ने 44 सीटों पर कब्जा कर बढ़त बा ली है. वहीं इसके बाद निर्विरोध चुनाव जीतने वालों निर्दलीय दूसरे नंबर पर और कांग्रेस तीसरे नंबर पर है. दरअसल, 77 सीटों पर निर्विरोध चुने गए प्रत्याशियों में बीजेपी के 44, कांग्रेस के 16 और निर्दलीय के 17 प्रत्याशी शामिल हैं. हालांकि, बीजेपी, कांग्रेस और निर्दलीयों के अलावा किसी अन्य क्षेत्रीय या छोटी पार्टी के खाते में निर्विरोध एक भी सीटें नहीं आईं हैं.

### कार हादसे में 8 छात्रों की मौत



**त्रिवेंद्रम, 7 सितम्बर.** केरल के थ्रिशूर जिले के कैपामंगलम में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तमिलनाडु के आठ इंजीनियरिंग छात्रों की मौत के बाद मामले में एक नया तथ्य सामने आया है. थ्रिशूर मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. हितेश शंकर ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान किए गए प्रारंभिक आकलन में कुछ छात्रों के शराब पीने की संभावना सामने आई है.

# गुजरात को 35 हजार करोड़ की सौगात

## रेल परियोजनाओं का आज मोदी करेंगे शिलान्यास

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**अहमदाबाद, 7 सितंबर. रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव जी ने गुजरात आगमन के दौरान अहमदाबाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए गुजरात में चल रही एवं आगामी रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी.**

रेल मंत्री ने बताया कि 8 सितंबर 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गुजरात में 35,000 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल अवसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण करेंगे.



**डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर देश के परिवहन की रीढ़:** वैष्णव जी ने कहा कि ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर देश के परिवहन क्षेत्र की एक बड़ी रीढ़ के रूप में कार्य करेंगे. उन्होंने बताया कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब पूरी तरह से पूर्ण हो चुकी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 8 सितंबर को इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे.

### गुजरात को मिलने वाली प्रमुख रेल परियोजनाएं एवं सेवाएं

8 सितंबर 2026 को गुजरात में निम्नलिखित प्रमुख रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा.

- **वडोदरा:** रतलाम तीसरी एवं चौथी रेल लाइन का शिलान्यास
- **मियागाम करजन :चोरंदा** :मालसर गेज कन्वर्जन का शिलान्यास
- **विश्वामित्री** :डभोई दोहरीकरण का शिलान्यास
- **जोबट:** टांडा रोड नई रेल लाइन का उद्घाटन
- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पण

# फिर सक्रिय हुए चंपत राय मंदिर पहुंच की मुलाकात

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**अयोध्या, 7 सितंबर. राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले के बाद विवादों में घिरे और महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके चंपत राय एक बार फिर सक्रिय नजर आए. सोमवार को वह पहली बार तीर्थ यात्री सेवा केंद्र पहुंचे और वहां कर्मचारियों से मुलाकात की.**

करीब एक घंटे तक सेवा केंद्र में रहे चंपत राय ने कर्मचारियों का हालचाल जाना और कहा कि किसी तरह की परेशानी हो तो उन्हें बताया जाए. इस दौरान पूर्व ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा भी मौजूद रहे. चंपत राय की सक्रियता ऐसे समय में सामने आई है, जब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नया पूर्णकालिक महासचिव और पहला सीईओ मिल चुका है. मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला जून में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उठाए जाने के बाद सुर्खियों में आया था. इसके बाद चंपत राय ने वीडियो जारी कर आरोपों को गलत बताया था.



- **कर्मचारियों से कहा- कोई दिक्कत हो तो बताएं**

### आज का इतिहास

1320 : गाजी मलिक दिल्ली का सुलतान बना.
1504 : फ्लोरेंस में माइकेलएंजेलो की प्रसिद्ध मूर्ति 'डेविड' का अनावरण किया गया.
1553 : इंग्लैंड में लिचफिल्ड शहर का निर्माण.
1636 : अमेरिका के मैसाचुसेट्स में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई.
1900 : टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती तूफान से 6,000 लोगों की मौत.
1926 : महान संगीतकार एवं गायक भूपेन हज़ारिका का जन्म.
1933 : भारत की दिग्गज और प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले का जन्म.

## हस्तियों के ट्वीट



अनिल कपूर ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा किशिवाजी राव के किरदार ने मुझे इसलिए आकर्षित नहीं किया कि वे एक आम आदमी से मुख्यमंत्री बने. बल्कि, उस पद पर पहुँचने के बाद उन्होंने जो किया—यानी लोगों की भलाई के लिए अपनी सत्ता का इस्तेमाल किया—उसने मुझे प्रभावित किया.

अनुपम खेर ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ऑस्टिन—हमारे सारे टिकट बिक चुके हैं! ह्यूस्टन में हमारे ओपनिंग शो की ज़बरदस्त कामयाबी के बाद, हम बहुत खुश हैं कि आज रात मशहूर स्टेट थिएटर में होने वाले जाने पहचाने अनजाने शो के सभी टिकट बिक चुके हैं!



**हद है....** छत्तीसगढ़ में रील की लत में महिला ने दे दी जान

# नेट नहीं चला तो कर लिया सुसाइड

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**रायपुर, 7 सितंबर. करतला थाना क्षेत्र के ग्राम केराकछार में इंटरनेट मीडिया पर रील देखने की लत से जुड़ी एक घटना ने परिवार ही नहीं, बल्कि आसपास के लोगों को भी झकझोर दिया. 52 वर्षीय मंगलो बाई सारथी की मोबाइल का नेटवर्क चले जाने के बाद नाराजगी इतनी बढ़ गई कि उन्होंने मोबाइल जमीन पर पटककर तोड़ दिया.**

इसके कुछ देर बाद उन्होंने घर में रखा कीटनाशक पी लिया. हालत बिगड़ने पर स्वजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. घटना पांच सितंबर की दोपहर की है. मंगलो बाई अपने घर में मोबाइल पर रील देख रही थीं. इसी दौरान मोबाइल का नेटवर्क बार-बार गायब होने लगा. इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित होने से रील रुक-रुककर चल रही थी. इससे नाराज होकर उन्होंने मोबाइल जमीन पर पटक दिया. मोबाइल क्षतिग्रस्त होने के बाद भी उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ. कुछ समय बाद उन्होंने घर में रखा कीटनाशक पी लिया.



### सामान्य मनोरंजन की आदत निर्भरता का ले रही रूप

बार-बार मोबाइल देखने की इच्छा, इंटरनेट या मोबाइल उपलब्ध न होने पर बेचैनी, जरूरी काम छोड़कर वीडियो देखते रहना और कनेक्टिविटी बाधित होने पर अत्यधिक गुस्सा जैसे व्यवहार संकेत देते हैं कि सामान्य मनोरंजन की आदत निर्भरता का रूप ले रही है. ऐसी स्थिति में परिवार को व्यक्ति के व्यवहार में आए बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए. मोबाइल के इस्तेमाल का समय तय करना, परिवार के साथ बातचीत बढ़ाना चाहिए.

### कौन-कौन है परिवार में?

मंगलो बाई के परिवार में पति प्रेमलाल सारथी और तीन बच्चे हैं. सबसे बड़ा बेटा 24 वर्ष का है और उसकी शादी हो चुकी है. वह कोरबा में रहता है. करतला स्थित घर में मंगलो बाई के साथ पति प्रेमलाल, 22 वर्षीय पुत्र और 17 वर्षीय पुत्री रहती थी. घटना के बाद बेटी ने ही मां को गंभीर हालत में देखा. पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है. रील देखने की आदत को अक्सर मनोरंजन के साधन के रूप में देखा जाता है, लेकिन जब किसी गतिविधि पर नियंत्रण कमजोर पड़ने लगे और उसके बाधित होने पर व्यक्ति असामान्य रूप से उत्तेजित हो जाए, तो यह चिंता का विषय बन जाता है.

# 36 हजार फीट पर विमान के इंजान का प्रेशर गिरा

**कोच्चि, 7 सितंबर. अबू धाबी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की बोइंग 737 फ्लाइट में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई. करीब 50 मिनट की उड़ान के बाद 36 हजार फीट की ऊंचाई पर पायलट ने एक इंजन में ऑयल प्रेशर कम होने की जानकारी दी.**

स्थिति बिगड़ने पर क्रू ने इंजन बंद कर दिया और विमान को एक इंजन के सहारे वापस कोच्चि लाने का फैसला किया. यहां विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. इंजन में ऑयल का स्तर खतरनाक रूप से कम होने के बाद पायलटों ने अबू धाबी जाने के बजाय कोच्चि लौटने का निर्णय लिया. कमांडर ने पहले मुंबई एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी सूचना दी और विमान के वापस लौटने की जानकारी दी.



### ज्यादा ईंधन के कारण हुई ओवरवेट लैंडिंग

विमान ने उड़ान का करीब 50 मिनट ही पूरा किया था, जबकि कोच्चि से अबू धाबी की यात्रा में लगभग चार घंटे लगते हैं. ऐसे में विमान में काफी ईंधन बचा हुआ था. यात्रियों और सामान के साथ ईंधन का वजन भी विमान के कुल वजन में शामिल होता है.